## डीवीसी प्रशासन ने समस्याओं को सुना



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के घंघरी राजकीय प्राथमिक विद्यालय में डीवीसी प्रशासन आपके द्वारा के तहत मुख्य अभियंता सह परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह, डीजीएम सीएसआर विनोद कुमार राय ने ग्रामीणों से मिलकर समस्याओं के निराकरण को लेकर बैठक की गयी। ग्रामीणों ने अपने विचार रखे। जैसे ग्रामीणों को आरआर पॉलिसी के तहत युवाओं को जोड़ा जाये। डीवीसी जमीन अधिग्रहण कर लिया है लेकिन मालगुजारी ग्रामीण दे रहे हैं, इसका समाधान जल्द से जल्द किया जाये। स्टेडियम का सुंदरीकरण किया जाये। सड़क का निर्माण, पेयजल, वृक्षारोपण, छठ तालाब का सुंदरीकरण किया जाये। मुख्य अभियंता सह परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि पूर्व में भी सामाजिक दायित्व के तहत डीवीसी कार्य करते आ रहा है और आगे भी करता रहेगा। वहीं डीजीएम सीएसआर बिनोद कुमार राय ने कहा कि वृक्षारोपण में करने के लिए तैयार हूं, वृक्ष का घेराव भी करने के लिए तैयार हूं लेकिन वृक्ष की रक्षा करना आप सभी ग्रामीणों का दायित्व बनता है। विद्यालय निरीक्षण के दरमियान उन्होंने आश्वासन दिया की पाकशाला शेड का निर्माण डीवीसी करेगा। वहीं मुख्य अभियंता सह परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह, डीजीएम विनोद कुमार राय, प्रवीण चांद के द्वारा युवाओं को खेल सामग्री उपलब्ध कराया गया। मौके पर डीवीसी सीएसआर कुलदीप राम, मांडवी, सुनीमा, ग्रामीण मनोज सिंह, महेश सिंह, अमित सिंह, छोटेलाल सिंह, शशि कुमार पांडेय, सुनील सिंह, देवेंद्र कुमार राणा, राजकुमार पासवान कृष्णा सिंह, सुल्तान सिंह, अभिषेक सिंह, अजय पांडेय, परमानंद गिरि, अमर सिंह परमार, केदार सिंह, महेंद्र राणा, राम राजन गिरी, गगनदीप, राजदेव सिंह, देवानंद सिंह सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## वन अधिकार अधिनियम को लेकर पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार द्वारा वनों पर निर्भर आदिवासियों और अन्य लोगों को वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत वनाधिकार पट्टा देने के लिए अबुआ बीर दिशोम अभियान का शुभारंभ किया है। इसी को लेकर आदिवासी कल्याण आयुक्त, झारखंड के प्राप्त मार्गदर्शन पर वन अधिकार अधिनियम, 2006 के कार्यान्वयन हेतु जिला स्तरीय पदाधिकारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन समाहरणालय सभागार में दिया गया। जिला स्तर पर नामित मास्टर ट्रेनर और कोडरमा जिला के लिए राज्य से नामित रिसोर्स पर्सन द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। अबुआ बीर दिशोम अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए मोबाइल एप्लीकेशन और वेबसाइट तैयार की गयी है। जिससे आदिवासी और वनों पर निर्भर रहने वाले लोगों को व्यक्तिगत, सामुदायिक और सामुदायिक वन संसाधन वनाधिकार पट्टा मुहैया कराया जा सके। पदाधिकारियों को मोबाईल एप्प का प्रशिक्षण दिया गया। व्यापक अभियान चलाकर आदिवासी और वनों पर निर्भर रहनेवाले लोगों को व्यक्तिगत, सामुदायिक और सामुदायिक वन संसाधन वनाधिकार पट्टा मुहैया कराया जाने की सारी जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण प्रशिक्षण राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ मनोहर चौहान और अनंत कुमार और जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर इडीएम रामदेव महतो और सीएसओ असीम सरकार के द्वारा पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी नीली सरोज कुजुर, सभी अंचल अधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, वन विभाग के वन रक्षी, सभी वनक्षेत्र पदाधिकारी और अन्य मौजूद रहे।

## चिकित्सक रहते हैं गायब, शिकायत पर दी धमकी

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जयनगर पूर्वी जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव ने असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कोडरमा, प्रतिलिपि उपायुक्त कोडरमा और सचिव स्वास्थ्य विभाग रांची, जिला परिषद अध्यक्ष को लिखित आवेदन दिया है। उन्होंने लिखा है कि मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कार्यालय ज्ञापन 42 दिनांक 10 जनवरी 24 को डॉ प्रमोद कुमार राज का पदस्थापना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परसाबाद में किया गया है। परंतु डॉ प्रमोद कुमार राज आज तक एक भी दिन अस्पताल नहीं गये। ग्रामीणों की शिकायत पर मेरे द्वारा 7 फरवरी को निरीक्षण किया गया तो डॉक्टर प्रमोद कुमार राज उपस्थित नहीं थे। इस बाबत समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित हुआ तो 9 फरवरी को 11 बजे दिन मेरे मोबाइल पर मोबाइल नंबर 9431180733 से डॉ प्रमोद कुमार राज के द्वारा धमकी दिया गया और जनप्रतिनिधि को अपमानित किया गया। उन्होंने कहा कि चोर मचाये शोर वाली कहावत चरितार्थ हो रहा है। डॉ प्रमोद कुमार राज सेवा में लापरवाही कर रहे हैं और चुनौती भी उनके द्वारा धमकी दिया जा रहा है। उस पर विभागीय कार्रवाई करने की मांग की गयी है।

## बेलडीहह ताराटांड में कलश यात्रा 14 को

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चोपनाडीह पंचायत स्थित ग्राम बेलड़ीह ताराटांड में 14 से 23 फरवरी तक चलने वाले श्री श्री 1008 श्री शत चंडी नवदिवसीय महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी पूरे जोर-शोर से की जा रही है। महायज्ञ को लेकर 14 फरवरी को भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी।

## नरकी में अवैध रूप से संचालित क्रशर पर खनन विभाग ने की कार्रवाई



**हजारीबाग/विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** खनन विभाग और जिला पुलिस बल एवं थाना पुलिस बल के द्वारा संयुक्त रूप से विष्णुगढ़ थानान्तर्गत मौजा नरकी में अवैध रूप से संचालित तीन क्रशरों जो सैफ अंसारी, पिता स्व मोबिन अंसारी, पता नरकी खुर्द विष्णुगढ़, हजारीबाग, दिनेश कुमार वर्णवाल उर्फ दिपु साव, पता नरकी खुर्द विष्णुगढ़, हजारीबाग और रण विजय सिंह, पिता सिद्ध सिंह, पता नरकी खुर्द विष्णुगढ़, हजारीबाग के द्वारा मौजा नरकी अवस्थित वन भूमि एवं नदियों से अवैध रूप से चोरी छिपे पत्थर का उत्खनन कर क्रशर का संचालन किया जा रहा था। तीनों क्रशरों के मालिको, संचालकों के विरुद्ध विष्णुगढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। जांच दल के द्वारा नरकी अवस्थित कोनार नदी में ट्रैक्टर का रजिस्टेशन संख्या अंकित नहीं, लाल रंग, महेन्द्रा बि 275 डीएल, चेचिंस संख्या एनवाईएनबी 00900, वाहन पर पत्थर लोड करने की कार्रवाई की जा रही थी, जिसे जप्त कर थाना लाया गया। इस क्रम में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा विरोध कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई गयी। तीनों क्रशरों के मालिकों, ट्रैक्टर के मालिकों और चालकों, पत्थर संचालकों और अवैध अज्ञात अवैध पत्थर खननकर्त्ताओं और वाहन को छुड़ाने में संलिप्त स्थानीय ग्रामीणों के विरुद्ध सरकारी काम में बाधा डालने, खनन अधिनियम और आईपीसी की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है, जिसका थाना काण्ड संख्या 29/24 है।

# चोरी की 8 बाइक के साथ चार गिरफ्तार

**बरामद बाइक में दो अपाची, दो पैशन प्रो, दो स्प्लेंडर, एक हीरो यूनिकॉर्न और एक पल्सर शामिल है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने चोरी के आठ बाइक के साथ चार चोरों को पकड़ शुक्रवार को जेल भेज दिया। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया की गुप्त सूचना मिली थीं मंडइ कला की ओर तीन व्यक्ति चोरी की मोटरसाईकिल लेकर जाने वाले है। सूचना पर सदर थाना प्रभारी ललित कुमार के नेतृत्व में एक छापामार दल का गठन किया गया। उक्त छापामार दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दो मोटरसाइकिल के साथ तीन को धर दबोचा गया। दबोचे गये युवक और बाइक सदर थाना कांड सं- 48/24 में चोरी गये मोटरसाईकिल और आरोपी निकले। गिरफ्तार व्यक्तियों के बयान पर नूरा चौक से 2 बाइक, कंचन पुर से 2 बाइक, सदर अस्पपताल से एक बाइक और झील नगर से एक बाइक कुल आठ बाइक बरामद किया गया है। सभी बाइक के नंबर में आंशिक छेड़ छाड़ किया गया था। एसपी ने बताया की बरामद बाइक में दो अपाची, दो पैशन प्रो, दो स्प्लेंडर, एक हीरो यूनिकॉर्न और एक पल्सर शामिल है। ये चोर बाइक के पुर्जे खोल बेचते थे साथ ही बाइक का इस्तेमाल दूसरे कार्यों में भी करते थे।

पकड़ाये व्यक्तियो में कृष्ण कुमार पिता बैजनाथ महतो ग्राम कंचनपुर, आयुष कुमार ओझा पिता स्व रमेश ओझा ग्राम कंचनपुर, नितिश कुमार पिता महेश प्रसाद ग्राम कंचनपुर, तीनो थाना पेलावल ओपी और चंदन कुमार पिता लालचंद प्रसाद, ग्राम बसरिया थाना दारू शामिल हैं।

छापामार दल में सदर थाना प्रभारी ललित कुमार, विपिन कुमार लोहसिंधना थाना प्रभारी, पुअनि अरूण कुमार, पुअनि अमीत कुमार द्विवेदी, सअनि अलाउद्दीन, सअनि नवर्देश्वर सिंह, संअनि आनंद मोहन कुमार, आरक्षी मनीष कुमार चंदेल और सदर थाना और लोहसिंधना थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

## पेलावल पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ पांच को पकड़ा

**हजारीबाग।** पेलावल ओपी प्रभारी अभिषेक सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने 32 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ 5 को पकड़ जेल भेज दिया। साथ ही गिरफ्तार युवकों के पास से 8 पीस प्रतिबंधित कोरेक्स का बोतल भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार ड्रग पैडलर में अमीर राजा, मो मोहसिन, कमरे आलम, तनवीर खान, कुर्बान खान सभी रोमी थाना पेलावल ओपी शामिल है। शुक्रवार को सभी को जेल भेज दिया गया। इसमें एक ब्राउन शुगर माफिया अमीर राजा भी शामिल है जो एनडीपीएस एक्ट एवम आर्म्स एक्ट में पहले भी दो बार जेल जा चुका है।

## वाराणसी से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे किसान



**केरेडारी(आजाद सिपाही)।** भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान के तत्वावधान में वाराणसी में आयोजित किसान मेला और सब्जी के खेती में उत्पादन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन राज्य स्तर पर किया गया। जिसमें प्रमुख रुप से सब्जी उत्पादन करने वाले राज्यों के किसान बड़ी संख्या में शामिल हुये। उक्त संस्थान द्वारा प्रशिक्षण सह मेला कार्यक्रम में हजारीबाग जिला से केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गरी कलां के किसान कृषि वैज्ञानिक मीनू महतो के नेतृत्व में शामिल हुये। किसानों को 3 फरवरी से 5 फरवरी तक आयोजित सब्जी मेला में उत्पादित उन्नत किस्म के सब्जियों को देखने का अवसर मिलो वहीं 6 फरवरी से 8 फरवरी तक कार्यक्रम में शामिल किसानों को सब्जी उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया। उक्त संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे किसानों ने बताया कि हम सभी हजारीबाग जिले के किसानों को सब्जी उत्पादन का प्रशिक्षण देने का काम करेगें प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में किसान महेंद्र महतो, चिंतामणि महतो, बालेश्वर महतो, लालमणि महतो, तापेश्वर साव, मोती महतो समेत अन्य किसान शामिल थे। वहीं मीनू महतो बतौर कृषि वैज्ञानिक शामिल थे।

## विधायक ने किया विकास कार्यों का शिलान्यास



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** विधायक अमित कुमार यादव ने बरकट्ठा में विकास योजना का उद्घाटन और शिलान्यास किया। परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में विधायक ने डीएमएफटी मद अंतगर्त 60 लाख रुपये की लागत से होने वाली उन्नयन कार्य की आधारशिला रखीं। इसके पश्चात ग्राम परबत्ता में विष्णु मंदिर से छठ घाट तक छह लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित पीसीसी पथ निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। विद्यालय में उन्नयन का कार्य मेसर्स क्रिएटिव इंजीनियरिंग सर्विसेस के द्वारा कराया जायेगा। जिसमें विद्यालय की चारदीवारी, शौचालय, मंच और शेड तथा मुख्य द्वार का निर्माण किया जाना है। विधायक अमित यादव ने अभिकर्ता से निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ कराने की हिदायत दी। कहा की विद्यालय शिक्षा का मंदिर है जहां बच्चियों का भविष्य बनता है। वहीं विधायक ने कहा की पीसीसी पथ के बनने से आम लोगों को खासकर छठ वर्तियों को आने-जाने में काफी सहुलियत होगी। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, पंसस प्रतिनिधि संजय गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, बीरेन्द्र राणा, मिथलेश भारती, रीतलाल प्रसाद, इंद्रदेव यादव, बीरेन्द्र मेहता, बालकी यादव, श्रीकांत पांडेय विजय यादव, रंजीत राणा, दीपक राणा, राहुल कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# कोडरमा संपत्ति विवाद में पुत्र ने करायी पिता की हत्या, गिरफ्तार

संजीव/ अमित



**कोडरमा।** संपत्ति विवाद में पुत्र ने ही पिता की हत्या करवा दी। पुलिस ने पूरे मामले का उद्भेदन करते हुए पुत्र और हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि 5 फरवरी को नवलशाही थाना अंतर्गत प्रतियासिंघा जंगल में एक शव मिला था। मृतक की पहचान सकुर अंसारी (70, नीमाडीह, राजधनवार) के रूप में हुई थी। मामले के गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने पुलिस उपाधीक्षक पुरुषोत्तम कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया। टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड में सम्मिलित अभियुक्त द्वारिका तुरी (35, पिता स्वर्गीय हरि तुरी, नीमाडीह, राजधनवार) और समसुल अंसारी 46, पिता स्व सकुर अंसारी, नीमाडीह, धनवार) को गिरफ्तार किया। एसपी अनुदीप सिंह ने शुक्रवार को बताया कि पूछताछ के दौरान आपसी संपत्ति विवाद के कारण पुत्र के द्वारा पिता की सुपारी देकर हत्या करने की बात सामने आयी। इस संबंध में नवलशाही थाना कांड संख्या 6/24 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। अन्य व्यक्तियों की भी पहचान कर ली गयी है जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, शर्ट और मोबाइल भी बरामद किया गया है। छापेमारी दल में नवलशाही थाना प्रभारी सोनी प्रताप, रंजीत कुमार, ऋषिकेश कुमार सिन्हा और पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## अंशुमान सिंह की पुण्यतिथि मनी



**जयनगर(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के घंघरी उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ घंघरी प्रक्षेत्र के अध्यक्ष मनोज सिंह के आवास पर समाजसेवी अंशुमान सिंह की तीसरी पुण्यतिथि पर अंशुमान सिंह के चित्र पर फूल माला और पुष्प चढ़कर नम आंखों से श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर सुरेंद्र सिंह, छोटेलाल सिंह, अवित सिंह, अमर सिंह परमार, शशि कुमार पांडेय, सुनील सिंह, मुकेश सिंह, राजकुमार सिंह, राजकुमार पासवान, भीम सिंह, परमानंद गिरि, सुल्तान सिंह, अभिषेक सिंह, कृष्णा सिंह, गौरव सिंह, सूरज सिंह, उमेश राणा, अंकित सिंह, रितिक सिंह, आनंद कुमार, सोपान सिंह, मोहित कुमार सिंह सहित कई लोगों श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## कोडरमा सदर अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक

# साफ-सफाई और सुविधा बढ़ाने को लेकर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** जिला स्वास्थ्य प्रबन्धन समिति की बैठक सदर अस्पताल कोडरमा में 9 फरवरी को जिप अध्यक्ष सह प्रबंधन समिति अध्यक्ष रामधन यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, डीएस सह एसीएमओ डॉ रंजीत कुमार मुख्य रूप से शामिल रहे। सदर अस्पताल में प्रशासनिक एवं प्रबन्धन से संबधित मुद्दों पर चर्चा किया गया। प्रबंधन समिति के सदस्यों ने सदर अस्पताल को बेहतर व्यवस्था से जोड़ने और मरीजो को आ रही दिक्कतों को लेकर समाधान को लेकर चर्चा किया गया। सदर अस्पताल परिसर में मरीजो के लिए सुविधा बढ़ाने और जरूरत के अनुसार सामग्री खरीदने और हर वार्ड में बेहतर सुविधा बहाल करने को लेकर सहमति बनी। जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि सदर अस्पताल की चर्चा राज्य भर में होती है। सदर अस्पताल में मरीजो को फोकस में रखकर ही सुविधा, संसाधन और इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में गंदगी की शिकायत आते रहती है। अस्पताल परिसर में साफ सफाई और सुविधा बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में गरीब ईलाज कराने आते है, मरीजो के साथ किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने सदर अस्पताल में 24 घंटे सीटी स्कैन और एक्सरे संचालित हो, इसका सख्त निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रबन्धन समिति की बैठक में समिति के सदस्यों ने भी महत्वपूर्ण प्रस्ताव समिति के समक्ष रखा है। जिसके आधार पर आनेवाले दिनों में साफ-सफाई बढ़ाई जायेगी, डस्टबिन लगाया जायेगा, शौचालय, पेयजल की व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त होगी। सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने कहा कि मरीजो को बेहतर सुविधा देने के लिए कार्य मे तेजी लाई जायेगी। साफ-सफाई और डस्टबीन बढ़ाने का मामला उठाया गया है, जिसे अविलम्ब अमल में लाया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रबन्धन समिति ने सदर अस्पताल में मरीजो को पर्ची शुल्क 5 रुपये से बढ़ाकर 10 करने का निर्णय लिया है। साथ ही पार्किंग में वाहन लगाने पर 5 रुपया शुल्क तय किया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि राजकुमार यादव, कोडरमा विधायक प्रतिनिधि विजय सिंह, बरही विधायक प्रतिनिधि राजकुमार यादव, बरकट्ठा विधायक प्रतिनिधि सुधीर सिंह, डॉ कुलदीप यादव, डीपीएम महेश कुमार समेत प्रबंधन समिति के सदस्य मौजूद थे।

## हजारीबाग के सुरजीत नागवाला बने राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस झारखंड शाखा के द्वारा हजारीबाग के कांग्रेस नेता सुरजीत नागवाला को प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष राकेशवर पांडे ने मनोनीत किया है। इस अवसर पर सुरजीत नागवाला ने कहा कि राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडे और राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव रेड्डी ने जिस भरोसे और विश्वास के साथ मुझे इस पद पर मनोनीत किया है उसमें पूरी ईमानदारी से खरा उतरने का काम करूंगा। मजदूरों की हित की लड़ाई में सड़क से लेकर सदन तक लड़ता रहूंगा। मजदूरी के हितों में न्याय दिलाने का काम किया जायेगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राकेशेश्वर पांडे ने कहा कि पूरे हजारीबाग जिला और कोयलांचल क्षेत्र में बड़ी-बड़ी कंपनियां मजदूरों का दोहन कर रही है शोषण कर रही है जिसके खिलाफ एक बड़ी लड़ाई का आगाज आज से किया जा रहा है।

## सड़क मरम्मती कार्य के शिलान्यास के एक वर्ष बाद भी शुरू नहीं हुआ काम



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के झरपो तिरंगी मोड़ समीप झरपो से गाड़ीसाडम तक ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल हजारीबाग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत झरपो से गाड़ी साडम तक 7 .950 किलोमीटर सड़क मरम्मती कार्य का शिलान्यास 20 फरवरी 2023 को बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने किया था। एक वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक काम शुरू नहीं किया गया सिर्फ शिलापट्ट में ही यह कार्य सिमट कर रह गया है। इस सड़क दर्जनों वाहनो का प्रतिदिन आना-जाना लगा रहता है। सड़क में बने गड्ढो से लोग परेशान है। इस संबंध में शुक्रवार को झरपो में बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिला परिषद सदस्य रामप्रसाद, स्थानीय मुखिया शिबू प्रसाद सोनी से सड़क का कार्य जल्द शुरू नहीं होने की शिकायत किये है। इस पर पूर्व बरकट्ठा विधायक जानकी यादव ने कहा की एक वर्ष में काम शुरू नहीं हुआ यह दुर्भाग्य की बात है विभाग से बात करेंगे। इस मौके पर राजकुमार नायक, वार्ड सदस्य रवि यादव, रोहित माली, इब्राहिम अंसारी, सुरेश प्रसाद, यमुना सिंह, व अरविंद केसरी समेत अन्य उपस्थित थे।

## मुखिया संघ ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** अबुवा आवास योजना लेकर मुखिया संघ की बैठक पश्चिमी पंचायत भवन में शुक्रवार को हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता ने किया। बैठक में सभी मुखिया एक स्वर में अबुवा आवास योजना की प्राथमिकता सूची को ग्राम सभा की कार्यकारिणी से लेने की मांग उठाई। सूची को ही जियो टैग करने से वास्तविक लाभुकों को अबुवा आवास मिल पायेगा। वक्ताओं ने कहा कि अगर ग्राम सभा कार्यकारिणी की प्राथमिकता सूची को प्राथमिकता नहीं दी जायेगी तो, सरकार की योजना गरीबों तक योजना नहीं पहुंच पायेगी। बैठक के बाद मुखिया संघ के मुखियागणों और प्रतिनिधियों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसकी प्रतिलिपि विधायक अंबा प्रसाद, उपायुक्त हजारीबाग, ग्रामीण विकास मंत्री झारखंड रांची में भेजा गया है। मौके पर मुखिया संघ जिला उपाध्यक्ष पारस नाथ प्रसाद मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत मेहता, कार्यालय सचिव अनिकेत नायक, सुलेखा कुमारी, प्रवक्ता तकरी मुल्लाहा खान, लीलावती कुमारी, मुखिया पूजा कुमारी, कविता कुमारी, विमला कुमारी, सिकरी मुखिया प्रभु महतो, मुखिया प्रतिनिधि चंदन पूरी, बालेश्वर कुमार, राजकुमार, दीपक दास, समेत 23 पंचायत के मुखिया मौजूद थे।

## उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने सभी लोगों से एक-एक कर समस्याएं सुनी और सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने के लिए आश्वासन दिये। जनता दरबार में पीसीसी रोड निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने, कंपनी द्वारा बकाया वेतन इपीएफओ का पैसा नहीं देने, जमीन पर अवैध कब्जा करने, वेतन वृद्धि का लाभ देने, जमीन नापी कराने, झोपड़ी को ध्वस्त करने, सार्वजनिक तालाब एवं स्कूल को अतिक्रमण मुक्त करने, हरा राशनकार्ड पर खाद्यान्न नहीं देने समेत कई मामलों में आवेदन दिया। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों का जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिये।

## कुशवाहा महासभा का अधिवेशन शुरू



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा का दो दिवसीय 55वां अधिवेशन हजारीबाग के पैराडाइज बैंक्वैट रिसोर्ट मे किया गया है। अधिवेशन के प्रथम दिन राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश महतो, कोषाध्यक्ष लोकमन कुशवाहा, मुख्य चुनाव अधिकारी अलका सैनी, प्रदेश अध्यक्ष अभय महतो के द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत झंडोतोलन और दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के संविधान का संशोधन किया गया। वहीं संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। संगोष्ठी में कई तरह के निर्णय लिये गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश महतो व संचालन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण कुशवाहा ने किया। मौके पर चुनाव अधिकारी सुनील कुमार मेहता, हरिशंकर कुशवाहा, राष्ट्रीय महासचिव भगत सिंह कुशवाहा, राष्ट्रीय सचिव निशांत कुशवाहा, राष्ट्रीय सचिव अजीत कुशवाहा, अवधेश कुशवाहा, ओम प्रकाश कुशवाहा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार वर्मा, दिगंबर कुमार मेहता, चूड़ामणि कुशवाहा, ललित कुशवाहा, व्यवस्थापक कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार उर्फ बबलू कुशवाहा, जयनारायण कुशवाहा, प्रदेश सचिव रेणु कुमारी, अर्जुन मेहता, मुखलाल मेहता, जिला अध्यक्ष सूरज कुशवाहा, गौतम कुमार, मुखिया नंदकिशोर मेहता, सिकंदर मेहता, संगीता देवी समेत कई उपस्थित थे।

# कांग्रेस नेता रोशन बरवा ने की सीएम से मुलाकात, दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव और गुमला कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष रोशन बरवा ने राज्य के नवनियुक्त मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मुख्यमंत्री आवास जाकर शिष्टाचार मुलाकात कर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते जब हुए बधाई दिया गया। कांग्रेस नेता रोशन बरवा ने बताया कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन बेहद ही सरल और नेकदिल व्यक्ति हैं और जमीनी नेता हैं और संगठन और प्रशासनिक व्यवस्था के जानकर व्यक्ति हैं इनके नेतृत्व में गठबंधन की सरकार अच्छा काम करेगा और आनेवाला 2024 चुनाव में भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए झारखंड में पुनः गठबंधन की सरकार बनायेंगे। रोशन बरवा ने जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा की गठबंधन सरकार की उपलब्धियों को आम जनता को बताना है और भाजपा के कुरीतियों को जो की जनता की चुनी सरकार को गिराने का अथक प्रयास करती रही है और राज्य के मुख्यमंत्री तक को जेल भेजने का काम किया है इससे आदिवासी समाज के लोगो में काफी रोष व्याप्त है अभी जिलावार भ्रमण कर सरकारी योजनाओं की समीक्षा करूंगा गुमला जिला का भी दौरा होगा उस दौरान गठबंधन के सभी सदस्यों से मुलाकात करेंगे भाजपा को देश भर से उखाड़ फेंकने की जरूरत है जिसका शुरूवात झारखंड से होगा।

# राजभवन और इडी पर आरोप लगा कर अपने गुनाहों को छुपाना चाहते थे हेमंत: डॉ अरुण

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** कल तक हेमंत झारखंड की जनता के बीच यह भ्रम फैला रहे थे कि अगर उनके खिलाफ कोई सबूत मिल जायेगा तो वह राजनीति छोड़ कर राज्य से बाहर चले जायेंगे। लेकिन आज जब सबूत मिलने शुरू हुए तो झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ताओं के मुंह पर ताला लग गया है। झारखंड की हेमंत सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी है।

उक्त बातें भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह कॉल इंडिया के सदस्य डॉ अरुण उरांव ने स्थानीय परिसदन में आयोजित प्रेसवार्ता में कहीं। यह प्रेस कांफ्रेंस भाजपा के जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू व भाजपा कार्यकताओं की उपस्थिति में अयोजित की गयी थी। उन्होने पिछले दिनों राज्य में घटित तमाम राजनीतिक उठापटक एवं झामुमो और कांग्रेस के द्वारा लगाये गये तमाम आरोपों का बिंदुवार जवाब दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी में राजभवन पर उंगली उठाना और प्रवर्तन निदेशालय (इडी) को भाजपा के दिशा निर्देश पर कार्य कर हेमंत सरकार को गिराने का आरोप लगाना, यह साबित करता है कि झामुमो और कांग्रेस पार्टी विशुद्ध रूप से संवैधानिक संस्थानों को अपमान कर उसे मिटाने पर तुली हुई है। हेमंत सोरेन के खिलाफ भ्रष्टाचार और भूमि घोटाले के पुख्ता सबूत इडी के पास उपलब्ध है। बढ़ागाइ अंचल के उप निरीक्षक भानु प्रसाद एवं बिनोद सिंह द्वारा इडी को पूछताछ में बताये गये तमाम साक्ष्य एवं जानकारी से वह बच नहीं पायेंगे।

इसके अलावे उन्होंने डि-लिस्टिंग के मुद्दे पर एवं उत्तराखंड सरकार द्वारा विधानसभा में पास करायी गयी यूसीसी बिल के बारे विस्तार से सारे बिन्दुओं पर जानकारी दी कि क्यों यह कानून अब पूरे देश में आवश्यक है, तथा डी-लिस्टिंग के मुद्दे पर कांग्रेस की निर्वाध 60 साल की कारगुजारियों पर उनकी खासी खिंचाई की। प्रेसवार्ता को जिला अध्यक्ष श्री शिव प्रसाद साहू ने भी सम्बोधित किया। भाजपा द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर चलाये जा रहे गांव चलो अभियान कार्यक्रम के तहत गुमला नगर मंडल के 241 एवं 242 नंबर बूथ पर जनता से उनके घरों में सम्पर्क कर केंद्र सरकार की 10 साल की उपलब्धि बता कर गांव चलो अभियान की विधिवत शुरूआत की। उनके साथ जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू के अलावे जिला समिति के पदाधिकारियों एवं नगर मण्डल के पदाधिकारी एवं काफी संख्या में कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

## नये अंचलाधिकारी के रूप में दिनेश कुमार गुप्ता ने संभाला अपना पदभार



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** अंचल कार्यालय में शुक्रवार को नए अंचलाधिकारी के रूप में दिनेश कुमार गुप्ता ने अपना पदभार संभाल लिया है। बिशुनपुर बीडीओ सह प्रभारी सीओ छंदा भट्टाचार्य ने उन्हें यह पदभार सौंपा। इस दौरान आंचल कर्मियों के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर नए सीओ का स्वागत किया गया। पदभार ग्रहण के बाद सीओ गुप्ता ने अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया साथ ही सभी अंचल कर्मियों से कर्तव्य निर्वहन करते हुए सरकार की योजनाओं का अनुपालन करने तथा राजस्वृद्धि के लिए कार्य करने का निर्देश दिया। कहा समस्या लेकर पहुंचे फरियादियों की शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भूमि विवादों की समस्या को खत्म करना पहली प्राथमिकता होगी उन्होंने स्पष्ट कहा जमीन से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए सीधे मुझे मेरे कार्यालय में मिल सकते हैं। इससे पूर्व श्री गुप्ता लोहरदगा जिले के भंडारा अंचल में अंचलाधिकारी के पद पर थे। इस मौके पर प्रधान लिपिक बैगा उरांव नागेंद्र सेठ पवन प्रकाश कुमार सहित अन्य अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## समस्त देवी पूजन और पंचांग पूजन संपन्न



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** देवाकी हनुमान मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा के दूसरे दिन शुक्रवार को समस्त देवी पूजन, पंचांग पूजन सम्पन्न हुआ। इस क्रम में प्रमुख आचार्य अलिखेश मिश्रा व आचार्य प्रमोद पाठक द्वारा वैदिक मन्त्रोंचार के साथ समस्त बेदी पूजन के क्रम मे सभी ग्रहो का पूजन सहित पंचांग पूजन कराया गया। पूजन के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। इधर बाबा रघुवंश नारायण व तेज बहादुर शास्त्री मुखारविंद से भक्ति प्रवचन व भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें वाद्य यंत्र वादक में प्रफुल बेंजो, विनोद भारती ने साथ दिया। प्रवचन सुनने पहुंचीं सैकड़ों महिलाओं और भक्तगण ने प्रवचन का आनंद लिया। वही आचार्य प्रमोद पाठक ने यह भी बताया कि आगामी 10 फरवरी को अन्नाधिवास, जलाधिवास, फलाधिवास, रात्रि में नगर भ्रमण व सज्जा अधीवास, वहीं 11 फरवरी को प्राण-प्रतिष्ठा, हवन, पूणार्हुति और भव्य भंडारा का आयोजन के साथ कार्यक्रम की समाप्ति होगी। मौके पर रामनंदन साहु, प्रदीप प्रसाद, रामधनी साहू, नारायण साहू, रामध्यान साहू, प्रमोद साहू, दिलीप साहु, सूरज साहु, अनिता देवी, लक्ष्मी देवी, गोदावरी देवी, अनुभा देवी, संजीत साहु, भूषण साहु, अमित साहु, विवेक साहु, दीपेंद्र मिश्रा, अनंत साहु, इंद्रदेव साहु, व्यासदेव मिश्रा सहित कई लोग उपस्थित थे।

# टाना भगतों ने सीओ और बीडीओ को अपनी समस्याओं से अवगत कराया

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** सीओ नरेश कुमार मुंडा के द्वारा टाना भगत समुदाय के प्रतिनिधिमंडल के साथ उनके समस्याओं को लेकर बैठक करते हुए उनके समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। इस बैठक में बसिया बीडीओ सुप्रिया भगत मुख्य रूप से शामिल रहे।बैठक में टाना भगतो से परिवार का प्रखंडवार विवरण, उत्तराधिकार दाखिल खारिज, कुल जमाबंदी निर्गत शून्य लगान, भूमि बंदोबस्ती, पीएम एवं अंबेडकर आवास, कौशल विकास योजना अंतर्गत बेरोजगार युवक युवती के लिए कार्य, विधुत आपूर्ति, रक्षा शक्ति, शौचालय निर्माण , महिला समूह का निर्माण, पीएम किसान निधि योजना समेत 25 विषयो पर चर्चा कर जानकारी प्राप्त किया गया। टाना भगत के सदस्यों द्वारा उनके घरों में सोलर लाइट लगवाने, शौचालय से वंचित परिवारों को शौचालय देने, महाराजगंज एवं चिंतामनकुरा में खराब ट्रांसफार्मर को जल्द ठीक कराने, चिंतामनकुरा में खराब जलमीनार को ठीक कराने की मांग की जिसपर सीओ नरेश कुमार मुंडा द्वारा विधुत विभाग के कनीय अभियंता को कॉल कर तुरंत ट्रांसफार्मर ठीक कराने का निर्देश दिया गया। बीडीओ और सीओ द्वारा प्रतिनिधिमंडल में उपस्थित सदस्यों को कौशल विकास के तहत लाभ लेने, फसल राहत योजना के बारे में जानकारी देते हुए इसका लाभ लेने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। बैठक में उपस्थित बीटीएम रश्मि सुरीन के द्वारा कृषि संबधी जानकारी प्रदान की गयी।

## शिव हनुमान मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष बने डॉ ऋषिकेश

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शिव हनुमान मंदिर निर्माण को लेकर आज बिशनपुर प्रखंड के कोको टोली दीपा बगीचा में डॉ ऋषिकेश मिश्र की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई ।बैठक में शिव हनुमान मंदिर निर्माण करने का संकल्प लिया गया ।इस मौके पर कोको टोली चिंगरी जाहूप हेसराग समेत कुल पांच गांव के ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई ।जिसमें सर्व समिति से शिव हनुमान मंदिर यज्ञ समिति के अध्यक्ष डॉ ऋषिकेश मिश्र को बनाया गया। साथ ही शिव हनुमान मंदिर निर्माण समिति के मुख्य संयोजक रिटायर्ड सिक्छक संजय कुमार सिंह संरक्षक चंदन कुमार सिंह संयोजक प्रतीक सिंह सचिव अजीत उरांव एवं कोषाध्यक्ष बृजेश महतो को सर्वसम्मति से बनाया गया ।

# शहीद तेलंगा खड़िया की जयंती पर मेला आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** वीर शहीद तेलंगा खड़िया के 218 वीं जयंती के अवसर पर में घाघरा व रेड़वा में मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान घाघरा में शहीद के परपोता विकास खड़िया, तुरासी खड़िया, संतोष खड़िया, चौथा खड़िया, सोमरा खड़िया, सहित वंशजों ने श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया वहीं रेड़वा में विधायक सहित कई लोगों ने फूल माला पहनाकर याद किया। मुख्य अतिथि विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने कहा शहीदों की बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। प्रखंड मुख्यालय स्थित तेलंगा खड़िया पुस्तकालय के वीर शहीद का स्मारक बनवाया जायेगा। मेला में पहुंचे 166 खोड़हा दल को दर्री देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी, मंगरा खड़िया, सोमरा उरांव, अघनु खड़िया, सुनीता खड़िया, रजनी खड़िया, दिलीप साहु, प्रकाश उरांव, दुर्गेश उरांव, बासुदेव उरांव, गंदुर उरांव सहित कई लोग थे।

## हमारा समाज जागरूकता के अभाव के कारण पिछड़ा हुआ है: सीताराम बड़ाईक



**बसिया (आजाद सिपाही)।** चिक बड़ाईक उत्थान समिति बसिया की बैठक विवाह मंडप कोनबीर में केंद्रीय सचिव सीताराम बड़ाईक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रखंड कमिटी का विस्तार एवम स्थानीय समस्यायों पर विचार किया गया। मौके पर सीताराम बड़ाईक ने कहा कि हमारा समाज जागरूकता के अभाव के कारण काफी पिछड़ा हुआ है। समाज मे बदलाव लाना होगा।हमे नशापान से दूर रहना है।शिक्षा के प्रति लोगो को जागरुक करने होगा।समाज मे फैली कुरीतियों को मिटाना होगा तभी हमारा समाज आगे बढ़ सकता है।उन्होंने लोगो को एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने की बात कही।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अनिता देवी, राजेश चिक बड़ाईक, कैलाश चिक बड़ाईक, नमन बड़ाईक, अरुण बड़ाईक, चरण चिक बड़ाईक, सीता देवी, गंदोरी देवी, मुनिक देवी समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक और युवती घायल, इलाज के दौरान रिम्स में मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला रांची राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सिला फारी हुंड़रा टोली के समीप अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार बिरकेरा निवासी रोहित गोप और रेडवा निवासी राखी कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों अपाची बाइक में सवार होकर गुमला से रेड़वा सिसई की ओर जा रहे थे। तभी एक अज्ञात वाहन ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। वही दोनों बाइक से रेडवा जा रहे थे। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी गुमला थाना को दी गुमला थाना के एसआइ अजय घटनास्थल पहुंच दोनों को सदर अस्पताल पहुंचाया। घटना में युवक के दोनों पैर में वाहन का चक्का चढ़ जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घटनास्थल पर उसका काफी खून बह गया और वह दर्द से कराहता रहा। वही युवती को सिर सहित शरीर के अन्य हिस्से में चोट लगी जिससे वह घटना स्थल पर ही बेहोश हो गयी। वही तत्काल पुलिस द्वारा एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक इलाज कर गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों को रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। वहीं युवती की स्थिति नाजुक बनी हुई है। सूत्रों के मुताबिक रिम्स पहुंचने पर युवती की मौत हो गयी। जबकि इलाज के क्रम में कुछ देर बाद रिम्स में युवक की भी मौत हो गयी। बताया जाता है कि युवती अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सक्रिय कार्यकर्ता थी। और उसके माता-पिता मजदूरी करने दूसरे प्रदेश गए हुए हैं। वही घटनास्थल पर प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरकेडी कंस्ट्रक्शन में काम करने वाला एक हाईवा दोनों को टक्कर मारते हुए घटनास्थल से सिसई की ओर फरार हो गया। हालाकि पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। जांच के बाद ही दुर्घटना के स्पष्ट कारणों का पता चल पायेगा।

# यौन शोषण के आरोपी पूर्व आइआरबी जवान राहुल सिंह को 10 साल की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** एडीजे वन दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत ने आइआरबी 05 बटालियन की महिला कांस्टेबल के साथ यौन शोषण के आरोपी पूर्व आइआरबी 05 बटालियन के जवान राहुल कुमार सिंह को धारा 376 (2)(एन) के तहत 10 साल की सजा व 50 हजार रुपया का जुमार्ना लगाया गया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर दो साल अतरिक्त सजा का प्रावधान किया है।



पूरा मामला 4 मई 2022 का है। आरोपी जवान राहुल के ऊपर पीड़िता कॉन्स्टेबल ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोपी जवान पलामू जिला के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के झरहा गांव का रहने वाला है। दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता कॉन्स्टेबल ने कहा था कि वर्ष 2019 के जुन माह में वह आरोपी के साथ आइआर ाा बटालियन में योगदान दी थी। इसके बाद दोनो के बीच दोस्ती हो गयी। फिर दोस्ती प्यान में बदल गया। दोस्ती के लिए आरोपी ने ही हाथ बढ़ाया था। आरोपी रिलेशनशिप बनाने के लिए दवाब बनाने लगा। वह तैयार नही हुई। फिर शादी का भरोसा दिलाया। अपने परिवार को भी मना लेने का भरोसा दिया। जिसके बाद वह उसपर विश्वास करने लगी। साथ ही रिलेशनशिप चलने लगा। इस दौरान आरोपी पीड़िता के गांव भी गया। उसकी मां से मिला। इसके बाद पीड़िता के रांची चुटिया स्थित किराये के मकान में भी रहने लगा। इसी किराये के मकान में यौन शोषण करने लगा। इसके बाद शादी से मुकर गया। दूसरी लड़की के साथ शादी करने लगा। पीड़िता ने उस लड़की के परिवार को जानकारी देकर शादी रुकवायी। इसके बाद एक अन्य दूसरी लड़की से 1 फरवरी 2022 को सगाई कर लिया। इसके बाद जब पीड़िता कुडू थाना के समीप सरस्वती पूजा की ड्यूटी में तैनात थी। तब आरोपी राहुल उसके पास पहुंच कर गाली गलौज किया व मारपीट की। इसके बाद इस मामले की विभागीय जांच शुरू हुआ। मगर विभागीय जांच को भी राहुल पदाधिकारियों के साथ मिलकर बाधित करने लगा। तब उसने प्राथमिकी दर्ज करवाई।

# कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने किया बिशुनपुर के गांवों का दौरा, दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष चैतु उरॉव विशुनपुर प्रखंड के निरासी पंचायत के ग्रामीणों के बुलावे पर ग्राम आंवराटोली, हरिया, कटिया, निरासी, जमटी, बोरांग, कुमाड़ी पहुंचे। ग्रामीणों के मिलने के बाद ग्रामीणों द्वारा बतलाया गया कि हमारा छेत्र में बिकास का काम में पिछड़ा है जितना विकास होना है उतना नहीं हो पाया है। ग्रामीणों द्वारा कहा गया कि जमटी से कुमाड़ी रोड, हरिया से कुमाड़ी रोड, जैसे अनेकों समस्याओं से अवगत कराया मौके पर चैतु उरॉव ने कहा कि आप सभी का धन्यवाद करना चाहूंगा कि आपने अपनी जागरूकता का परिचय देते हुए एक अच्छे नागरिक होने का परिचय दिया है। मैं आप सभी का शुक्रगुजार हूं आप सभी ने मुझे अपना समझा और मुझसे मिलने के लिए आमंत्रित किया। मैं अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करते हुए आपकी एवं गांव के सर्वांगीण विकास के लिए हर वक्त कोंग्रेस पार्टी आपके साथ है। अभी लोकसभा चुनाव होने वाला है आप सभी बढ़ चढ़कर कांग्रेस को उम्मीदवार को जीतायें। तभी छेत्र का बिकास होगा। मौके पर तनवीर गौहर, तरूण गोप, कमल टोप्पो, देवा साहु, भरत नायक, कमल उरांव, कमलदीप उरांव, सत्यदेव उरांव, संजय उरांव, राजु उरांव, पवन केवट, सोमा उरांव, सबित उरांव, रतनलाल उरांव, बाबुराम टानाभगत, भुगलु खेरवार, सबीर खेरवार, शंकर उरांव, कैनयुट कुजुर, विरेन्द्र उरांव, बिरेंद्र उरांव, फुलदेव उरॉव, सुधीर उरांव और काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में तीन लोग घायल

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** सिमडेगा में आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं और इसका सबसे बड़ा कारण सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी का वाहन चलाना है। सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने के कारण सिमडेगा में फिर से तीन अलग-अलग घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पहली घटना करीमाटी के पास घटी जहां स्कूटी से जा रहे अनिल नायक नामक व्यक्ति गिरकर घायल हो गया यह हेलमेट नहीं पहना था जिस कारण इसके चेहरे और सिर में काफी चोट आई। वहीं दूसरी घटना शहर के प्रिंस चौक में घटी।

# नगर परिषद में लगे होर्डिंग बैनर -पोस्टर- झंडा को हटाने के लिए नोटिस दिया जायेगा: सुमित महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिमडेगा।** शहर में अवैध रूप से झंडा बैनर पोस्ट आदि से पटे होने के बाद नगर परिषद के पदाधिकारी के निर्देश पर कर्मचारियों ने बैनर पोस्टर होडिंग हटाने का काम शुरू किया । प्रिंस चौक के पास झापा के कार्यकर्ता अनूप बाबा के द्वारा विरोध करने पर होडिंग बैनर पोस्टर हटाओ को छोड़ दिया गया । वहीं लोगों का कहना था कि नगर परिषद के द्वारा कांग्रेस के बैनर पोस्टर को छोड़कर अन्य राजनीति पार्टी के बैनर पोस्ट को नोचते हुए जप्त करने की कार्रवाई की जा रही थी । जिसे नेताओं का विरोध देखते हुए नगर परिषद के कर्मचारी बैरन लौट गए । नगर परिषद पदाधिकारी सुमित महतो ने बताया कि शहर में राजनीति पार्टी के झंडा बैनर पोस्टर व अन्य होर्डिंग से भर पटे हैं बहुत सा झंडा बैनर पोस्टर कार्यक्रम हो जाने के बाद भी लगे हुए हैं जिससे शहर में दुर्घटना की संभावना बनी रहती है ऐसे में राजनीति पार्टी के नेताओं व अन्य को नोटिस के साथ होडिंग का शुल्क भी जमा करने का निर्देश दिया जा रहा है । जिससे राजस्व की बढ़ोतरी होगी ।

